तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 26 जून 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 रेत तस्कर शहर को छोड़ वनांचल के नदी नालों को बना रहे हैं निशाना



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्रवेश हेतु आवेदन 3 जुलाई तक

**कोरबा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत आईटीआई चोरभट्ठी में कोपा व फिटर व्यवसाय तथा शासकीय आईटीआई महिला संस्थान में कोपा, हिन्दी स्टेनोग्राफी व स्युईंग टेक्नॉलॉजी (कटिंग टेलरिंग) 20 व्यवसाय एनसीवीटी एवं एससीवीटी पाठ्यक्रमों हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 3 जुलाई तक विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### प्री बीएड एवं प्री डीएलएड परीक्षार्थियों को मार्गदर्शन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित प्री बीड एवं प्री डीएलएड परीक्षा 30 जून को संपन्न होगी। जिले में प्रथम पाली में 34 परीक्षा केंद्रों पर 11 हजार 981 एवं द्वितीय पाली 43 परीक्षा केंद्रों में 14,884 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत की निर्देश पर शासकीय ईवीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड को मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है। मार्गदर्शन केंद्र का दूरभाष नंबर 07759-221458 है।

### जिला न्यायालय में भृत्य पद का साक्षात्कार 30 तक

**कोरबा।** जिला न्यायालय कोरबा के भृत्य फर्राश दफ्तरी कम फर्राश एवं तथा आकस्मिक निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी पद की दावा आपत्ति निराकरण पश्चात पात्र पाए गए अभ्यर्थियों का अभिवृत्ति व कौशल परीक्षा सह-साक्षात्कार तिथि घोषित किया गया है। आकस्मिकता निधि वेतन पद हेतु 23 जून एवं भृत्य, फर्राश, दफ्तरी कम फर्राश के रिक्त पद हेतु 24 से 30 जून तक ए.डी.आर.भवन जिला न्यायालय परिसर कोरबा में अभिवृत्ति व कौशल परीक्षा सह-साक्षात्कार आयोजित होगी।

### राशनकार्डों का नवीनीकरण 30 तक

**कोरबा।** प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित, निःशक्तजन तथा सामान्य (एपीएल) राशनकार्डों का नवीनीकरण के 30 जून तक किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राशन कार्डधारियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए राशनकार्डो के समयबद्ध नवीनीकरण हेतु नया मोबाइल ऐप तैयार किया गया है जिसे राशनकार्डधारी अपने मोबाइल, उचित मूल्य दुकानों में संधारित टेबलेट, दुकान संचालक के पंजीकृत मोबाइल में खाद्य विभाग की वेबसाइट से ऐप को डाउनलोड कर राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 21 जून तक कुल 336328 में 314581 राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 21747 राशन कार्ड का नवीनीकरण शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार के लिए आवेदन 30 तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्राक्षिकों, निर्णायको को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। खेल व युवा युवा कल्याण विभाग ने खेल पुरस्कार के लिए आवेदन 30 जून तक आवेदन मंगाए गए हैं। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदान किये जाते हैं। राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया है या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया है। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है।

# 'हरिभूमि' हिंदी पत्रकारिता का सशक्त हस्ताक्षर: देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के उद्योग वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने हरिभूमि अखबार को हिंदी पत्रकारिता का सशक्त हस्ताक्षर बताते हुए कहा कि जमीन से जुड़े जनहित के मुद्दे को उठाने में हरिभूमि ने अपनी सकारात्मक भूमिका निभाई है। सरकार के साथ सहयोगात्मक रवैये के साथ उसने जनसमस्याओं के निराकरण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। वह पिछले लंबे समय से हरिभूमि पढ़ते आ रहे हैं। जिसमें ज्वलंत मुद्दों के साथ आम व्यक्ति की भावनाएं समाहित रहती है। उन्होंने कहा कि हरिभूमि सिर्फ समाचारों में ही नहीं सामाजिक सरोकारों के निर्वहन में भी अग्रणी है।


प्रदेश के उद्योग वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मंलवार को हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना अंतर्गत विजेता पाठकों को पुरस्कृत करने आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि हरिभूमि की प्रसंशा इसलिए भी आवश्यक है ⏭ शेष पेज 3 पर

### हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के विजेताओं को पुरस्कार वितरण

**खास बातें**
- खबरों के साथ सामाजिक सरोकार में भी अखबार की अग्रणी भूमिका
- सांत्वना पुरस्कार के विजेताओं को भी किया गया पुरस्कृत



### अखबार की खबर और संपादकीय बेहतरीन



पुरस्कार विजेता सेवानिवृत्त प्राचार्य शकरलाल तिवारी ने कहा कि वे वर्ष 2005 से हरिभूमि अखबार पढ़ रहे हैं। आज 18 वर्ष लंबा समय इस अखबार को पढ़ते हुए बीत चुका है इस दौरान हरिभूमि की खबर और संपादकीय उन्हें बेहतरीन लगी है। अखबार में चौपाल में प्रस्तुत की जाने वाली छत्तीसगढ़ी संस्कृति और पुरातत्व स्थलों की जानकारी एक संकलित करने लायक सामाग्री है वह ऐसी सामाग्रियों की कटिंग रखते हैं। श्री तिवारी ने कहा कि पुरस्कार योजना में जो बड़े पुरस्कार दिए जाते हैं उन पुरस्कारों को छोटे छोटे पुरस्कार के रूप में दिया जाए तो इससे और अधिक पाठक लाभान्वित होंगे।

## विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की बाट जोह रहे ग्रामीण स्कूलों के छात्र

# अतिथि शिक्षकों की भर्ती में ग्रामीण स्कूलों के लिए अभ्यर्थियों में नहीं दिख रहा रूझान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों के प्राइमरी से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए अतिथि शिक्षकों की शुरू की गई भर्ती में विभाग को मिले आवेदन में अधिकांश अभ्यर्थियों का रूझान दूरदराज के ग्रामीण स्कूलों के प्रति नहीं दिखाई दे रहा है, जबकि ग्रामीण स्कूलों के छात्र विषय विशेष शिक्षकों की लंबे समय से बाट जोह रहे हैं। अधिकांश पदस्थ शिक्षकों द्वारा अपना अटैचमेंट शहरी क्षेत्र के स्कूलों में करा लिए जाने से ग्रामीण स्कूलों में विषय विशेषज्ञों शिक्षकों का संकट बना हुआ है।

**खास बात**
- स्कूलों में जमा करना है अतिथि शिक्षक के लिए आवेदन

शिक्षा विभाग के द्वारा जून माह में जिले के प्राइमरी स्कूल, मीडिल स्कूल, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए आवेदन मंगाए थे। कुल 118 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। 18 जून आवेदन की अंतिम तिथि तय की गई थी। इस तिथि तक शिक्षा विभाग को 445 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें भी शहरी सीमा से लगे ग्रामों के लिए ज्यादा आवेदन पहुंचे हैं। जिला मुख्यालय से 40-50 मिलोमीटर दूर ग्रामीण अंचलों में चल रहे हायर सेकेंडरी, हाईस्कूल के लिए अभ्यर्थियों का रूझान कम नजर आया है। विभाग के द्वारा स्कूल के आसपास निवासरत अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने की बात कही गई है, ताकि दूरदराज से अभ्यर्थियों की जरूरत स्कूलों के लिए न पड़े, किंतु दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के स्कूलों के आसपास मापदण्ड के आधार पर विषय विशेषज्ञ अभ्यर्थी नहीं मिल रहे हैं। विभाग के मापदण्डों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के लिए रिक्त पदों पर भर्ती हेतु बीएमड अनिवार्य किया है। यही कारण है कि ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के लिए अभ्यर्थियों की संख्या भी कम नजर आ रही है। हालांकि विभाग ग्रामीण हायर सेकेंडरी एवं हाईस्कूल में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भर्ती के लिए मापदण्डों में सिथिलता भी लाएगा।



### शिक्षकों का संलग्नीकरण समाप्त करें

बैठक में कलेक्टर ने एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन विद्यालयों में संलग्नीकरण के अलावा अन्य स्थानों पर संलग्न शिक्षकों का संलग्नीकरण समाप्त करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी वाले हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में मानदेय के आधार पर डीएमएफ से की जा रही शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में जानकारी ली और निर्देशित किया कि मीडिल स्कूलों में बच्चों की संख्या के आधार पर शिक्षकों की कमी वाले विद्यालयों की सूची प्रस्तुत करें। उन्होंने अतिशेष शिक्षकों वाले विद्यालयों से शिक्षकों को आवश्यकतानुसार अन्यत्र विद्यालय में स्थानांतरित करने एवं शासन को पत्र लिखने के संबंध में निर्देश दिए।

### अभ्यर्थी नहीं मिलने पर ब्लॉक और जिले से होगी भर्ती

अतिथि शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन स्कूल स्तर पर लिए जा रहे हैं। अगर ग्राम पंचायत स्तर पर अभ्यर्थी नहीं मिले तो ब्लॉक से और अगर ब्लॉक में भी विषय विशेषज्ञ अभ्यर्थी नहीं मिलते हैं तो ऐसे स्कूलों में अतिथि शिक्षकों के लिए जिले से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। 10 माह की अवधि के लिए भर्ती की जा रही है। कम समय और कम मानदेय के कारण अभ्यर्थियों का रूझान नहीं दिख रहा है।

### चल रही है भर्ती प्रक्रिया

भर्ती प्रक्रिया चल रही है स्कूल स्तर पर आवेदन लिए गए हैं। भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का चयन में प्राथमिकता ग्राम पंचायत को प्राथमिकता दी गई है। अगर वहां अभ्यर्थी नहीं मिले तो ब्लॉक और जिला स्तर से अभ्यर्थी भेजे जाएंगे।

**-टीपी उपाध्याय,** जिला शिक्षा अधिकारी

# रोजगार की मांग को लेकर भूविस्थापितों का चक्काजाम



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा परियोजना के साइलो से प्रभावित भूविस्थापितों ने रोजगार सहित आवागमन व मूलभूत सुविधा को लेकर गेवरा-भैसमाखार मार्ग पर चक्काजाम कर दिया जिसकी वजह से मार्ग के दोनों ओर कोयला परिवहन में लगी वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसके बाद एसईसीएल प्रबंधन द्वारा भूविस्थापितों को एक सप्ताह के भीतर मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। आखिरकार भूविस्थापितों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया।

**खास बातें**
- गेवरा-भैसमाखार मार्ग पर कोयला परिवहन वाहनों की लगी लंबी कतार
- किसान सभा के नेतृत्व में भूविस्थापितों ने खोलो मोर्चा

उल्लेखनीय है कि छग किसान सभा ने एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के लक्ष्मण प्रोजेक्ट के साइलो कार्य से प्रभावित होने वाले भूविस्थापित परिवारों के लिए रोजगार, आम रास्ता, पानी की समस्या के समाधान की मांग जिला प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन से की थी। इस दौरान किसान सभा ने चेतावनी दी थी कि मांगों का निराकरण नहीं होने पर 25 जून को गेवरा-भैसमाखार के ग्रामीण साइलो के कार्य को रोकने के साथ मुख्यमार्ग पर चक्काजाम करेंगे। भूविस्थापितों की इस चेतावनी के बाद भी प्रबंधन ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने आखिरकार बुधवार को किसान सभा के नेतृत्व में चक्काजाम ⏭ शेष पेज 3 पर

# बिजली गुल की समस्या पर कलेक्टर गंभीर, तत्काल निराकरण के निर्देश



साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर और उपनगरीय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बार बार बंद हो रही बिजली की समस्या को लेकर कलेक्टर ने गंभीरता दिखाई है। बिजली विभाग की बैठक लेकर उन्होंने निर्देशित किया है कि जिले में बारिश के दौरान बाधित होने वाले विद्युत आपूर्ति को दूर करने कर्मचारियों की टीम को अलर्ट मोड पर रखें।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने भवन विहीन स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी एकत्र कर भवन निर्माण प्रस्ताव प्रस्तुत करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और लंबे समय से लंबित पत्रों का शीघ्रता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के पात्र बेरोजगारों को मानदेय के आधार पर स्वास्थ्य विभाग में दी गई नियुक्ति में नियुक्ति तिथि से मानदेय वृद्धि के निर्देश सीएमएचओ को दिए। इसी तरह शिक्षा विभाग में भृत्य तथा अतिथि शिक्षक के रूप में मानदेय के आधार पर नियुक्त विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के युवाओं को सतत रूप से कार्य में उपस्थित होने हेतु प्रेरित करने और संबंधित स्कूलों के प्राचार्य को पीवीटीजी का मार्गदर्शन करने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने 26 जून से प्रारंभ हो रहे स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन करने तथा पात्र स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए।

# दो ट्रकों के बीच भिड़ंत, चालक फंस गया था केबिन में



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग पर मड़वारानी के समीप मंगलवार की सुबह दो ट्रकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें चालक केबिन में ही फंसा रहा। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और चालक को काफी मशक्कत के बाद केबिन से बाहर निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार कोरबा की ओर से जा रही कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 जेसी 7403 और चांपा की ओर से आ खाली आ रही ट्रक सीजी12 बीएल 4200 में मंगलवार की सुबह भिड़ंत हो गई। इस टक्कर में जहां एक ट्रेलर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं उसका चालक केबिन में फंस गया और बेसुध हो गया। मार्ग से गुजर रहे लोगों ने आनन फानन में इसकी सूचना डायल 112 को दी। जिस पर उसके जवान तत्काल मौके पर पहुंचे और केबिन में फंसे चालक को किसी तरह बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां उसका उपचार जारी है।

### ट्रेलर ने तोड़ा रेलवे फाटक



दीपका रेलवे फाटक को तोड़कर आए दिन नो एंट्री गौरव पथ में ओवरलोड ट्रेलर पार किया जाता है। कुछ दिनों पहले ऐसे ही एक ट्रक मालिक का चालान काटा था। रात को 10 बजे से रोज नो एंट्री से ट्रक निकालते हैं। हद तो तब हो गई जब सुबह 6 बजे से नो एंट्री में गाड़ियों का आवागमन चालू हो गया। एक ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीक्यू 0683 फाटक को तोड़ दिया। जिससे आम नागरिकों ने ट्रक को रुकवाया और पुलिस थाने में सूचना दी मौके पर डायल 112 की टीम पहुंची और ट्रक को अपने हिरासत में लिया लेकिन इस तरह की घटना रोजाना होती हैं। इसकी शिकायत थाने में कई बार कर चुके हैं रात 10 बजे से सुबह 6 तक ट्रक गौरव पथ होकर बजरंग चौक पर करते हुए बिलासपुर जाते हैं।

## खान मंत्रालय ने देशभर के 20 महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी प्रक्रिया की शुरु

# कटघोरा का बेशकीमती लिथियम ब्लॉक मैकी साउथ माइनिंग के हाथों

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मैकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने नीलामी में देश का पहला लिथियम ब्लॉक खरीद लिया है। यह लिथियम ब्लॉक जिले के कटघोरा में मौजूद है। कंपनी को यह ब्लॉक 76.05 प्रतिशत की नीलामी प्रीमियम पर दिया गया है। कंपनी ने नीलामी के चौथे दौर में लिथियम ब्लॉक को खरीदने में सफलता पाई है। सोमवार को पूरी की गई नीलामी की प्रक्रिया के बाद केंद्रीय खान मंत्रालय ने कहा है कि मैकी साउथ माइनिंग छत्तीसगढ़ में कटघोरा लिथियम और दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरईई) ब्लॉक के लिए पसंदीदा बोलीदाता के रूप में सामने आई है।



फाइल फोटो

यहां बताना होगा कि खान मंत्रालय ने 29 नवम्बर 2023 को देशभर में स्थित 20 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की पहली किश्त की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ की थी। इसमें जिले के कटघोरा-घुंचापुर स्थित लिथियम ब्लॉक के लिए भी नीलामी प्रक्रिया शुरु हुई थी। कटघोरा के लिथियम ब्लॉक की बोलीदाता कंपनी मैकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड का कारपोरेट ऑफिस कोलकाता में हैं। यह कंपनी 25 मई 2021 को अस्तित्व में आई है। कटघोरा-घुंचापुर में 256.12 हेक्टेयर में लिथियम ब्लॉक फैला हुआ है। इसमें 84.86 हेक्टेयर फॉरेस्ट लैंड है। यहां लिथियम एंड री ब्लॉक का जी-4 सर्वे हो चुका है। सर्वे के ⏭ शेष पेज 3 पर

### 250 हेक्टेयर में फैला है लिथियम का भंडार

कॉमर्शियल माइनिंग के तहत खदानों को केंद्र सरकार नीलामी के माध्यम से निजी कंपनी को सौंपती है। कटघोरा के लिथियम ब्लॉक के लिए ओला, वेदांता, जिंदल, श्री सीमेंट, अडाणी समूह, अल्ट्राटेक सीमेंट सहित कई बड़ी कंपनियों ने बोली लगाई थी। अर्जेंटीना की भी एक कंपनी द्वारा बोली में भाग लेने की बात सामने आई थी। नीलामी में सबको पीछे छोड़ते हुए भारत की ही मैकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने कटघोरा के लिथियम ब्लॉक को खरीदने में सफलता हासिल की है जिसका मुख्यालय वेस्ट बंगाल में है।

### लिथियम ब्लॉक के लिए दिया गया कंपोजिट लाइसेंस

कटघोरा के लिथियम आरईई ब्लॉक के लिए कंपोजिट लाइसेंस दिया गया है। इसमें परीक्षण और खनन दोनों का ही अधिकार शामिल है। कटघोरा के साथ ही कश्मीर के रियासी स्थित लिथियम ब्लॉक की भी नीलामी शुरू की गई थी। शुरुआती दौर में इसके लिए समुचित बोलीदार आगे नहीं आए थे। जिससे इसकी ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया को पूर्व में रोकना पड़ा। कटघोरा में देश का पहला लिथियम खदान बनेगा। कटघोरा का लिथियम ब्लॉक देश का ऐसा पहला खनन प्रोजेक्ट होगा जिसके लिए कंपोजिट लाइसेंस दिया गया है।



## खबर संक्षेप



### कलेक्टर से की गई शिकायत

**कोरबा।** कांग्रेस कमेटी के आरटीआई विभाग शहर उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह एवं आरटीआई कोरबा विधानसभा अध्यक्ष आकाश पटेल, शंकर, सोनू जायसवाल, अंकित रावत, गुलशन, मनीष, लक्ष्मी, रोहित सिंह, श्री निर्मलकर के द्वारा बैंक प्रबंधकों के शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लोन न देने की शिकायत कोरबा कलेक्टर से की गई है।

### बिजली गुल की समस्या से ग्रामीण हलाकान



**चैतमा।** पाली विकासखंड के अंतर्गत आने 65 ग्राम पंचायत में बिजली की समस्या बनी हुई है। इसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए चैतमा सब स्टेशन का निर्माण कराया गया है। इस सब स्टेशन में पांच फीडर बनाए गए हैं जिसमें से चार चालू है। प्रत्येक फीडर में 10 से 15 ग्राम जुड़े हुए हैं एक फीडर पहाड़ी आंचल सपलवा के लिए बनाया गया किंतु आज तक उक्त फीडर चालू नहीं हो पाया है। वहां की लाइन को इरफ, पटपरा फीडर से से जोड़ दिया गया है जिसके कारण पहाड़ी आंचल के उपभोक्ताओं के साथ में पटपरा क्षेत्र के ग्रामीण भी बिजली व्यवस्था से नाखुश है। यहां जेई कार्यालय खुले 5 से 7 साल हो गया है किंतु अभी तक यहां पर कोई भी अधिकारी की पदस्थापना नहीं की गई है। जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी कार्य को लेकर पाली आना जाना पड़ता है। इस संबंध में कटघोरा सीपी गढ़वाल ईई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जहां की भी बिजली व्यवस्था ठीक नहीं वहां तत्काल दुरुस्त कराया जाएगा।

### पहाड़ी कोरवा के छात्र-छात्राएं भटक रहे रोजगार के लिए : मनीराम



**कोरबा।** विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समाज के 8वीं, 10वीं व 12वीं पास युवा एवं छात्र-छात्राएं स्थाई नौकरी के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर हैं। एक ओर जहां इन वर्ग के लोगों को राष्ट्रपति के दत्त पुत्र कहे जाते हैं शायद यही कारण है कि केंद्र सरकार एवं राज्य शासन द्वारा राज्य के हर एक जिले के हर विभाग में शासन द्वारा स्वीकृत पद के 20 प्रतिशत पदों पर इन वर्ग के पढ़े लिखे छात्र-छात्राओं को स्थाई रोजगार देने का आदेश और निर्देश है लेकिन जिले में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण इन वर्ग के छात्र-छात्राएं जो सहायक शिक्षक सीधी भर्ती के पात्र लगभग 42 लोग जिला प्रशासन के द्वारा इनकी आवेदन को जांच कर पात्र पाए गए हैं, ठीक इसी तरह कक्षा 10वीं 8वीं में 77 आवेदन पात्र पाया गया है। राज्य शासन द्वारा जिले के शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक के 3 हजार पद स्वीकृत किए गए हैं। इस संबंध में बीते दिनों पहाड़ी कोरबा एवं बिरहोर समाज के जिला अध्यक्ष फिरत राम पहाड़ी कोरवा एवं समाजसेवी अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपते हुए इस संबंध में कार्यवाही करने आग्रह किया है।

### अग्रेसन कन्या महाविद्यालय द्वारा प्रवेश हेल्प डेस्क का गठन

**कोरबा।** महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले नये छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों पालकों के विभिन्न सवालों का उत्तर देने व उनकी समस्या का निराकरण करने के उद्देश्य से श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय बांकीमोंगरा, कुसमुण्डा, एनटीपीसी-जेलगांव, बालको में प्रवेश हेल्प-डेस्क का गठन किया जा रहा है। अभिभावक या छात्र-छात्राएं 25 जून से सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 से राज्य के समस्त महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर दी गई है, जिसके तहत स्नातक चार वर्ष का होगा। साथ ही वार्षिक परीक्षाओं के स्थान पर सेमेस्टर पद्धति से वर्ष में दो बार परीक्षाएं होंगी। प्रथम वर्ष में प्रवेशित नियमित छात्रों के साथ ही स्वाध्यायी छात्रों को भी दो आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा देना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार के अनेक प्रावधान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत किये गये है, ऐसे में महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले नये छात्रों तथा उनके पालकों की समस्याओं तथा सवालों के उत्तर देने के लिए श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय, दर्री रोड, कोरबा द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर प्रवेश हेल्प डेस्क का गठन किया जा रहा है।

## कलेक्टर एवं एसपी ने कानून व्यवस्था को लेकर राजस्व व पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

# किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधियों पर नजर रख तत्काल करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में राजस्व एवं पुलिस विभाग की कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बैठक ली। उन्होंने जिले में सामाजिक

**खास बात**

- साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए दिए निर्देश

समरसता एवं सौहार्द बनाए रखने एवं कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन हेतु अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी सजगता एवं सतर्कता के साथ कार्य करें। किसी भी धर्म, समाज, जाति को लेकर कोई घटना या विवाद की स्थिति बने तो इस पर पैनी नजर रखें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अवैध खनिज उत्खनन पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा। कलेक्टर ने राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय बनाकर रखने तथा सूचनाओं का आदान-प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि सभी एक टीम के रूप में एक-दूसरे को सहयोग करेंगे तभी समस्याओं का समाधान जल्दी होगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर आम जनता के साथ अधिकारियों का व्यवहार अच्छा होना चाहिए। इस हेतु आमजनों की शिकायतों व समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर निराकृत करें। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी असामाजिक गतिविधि पर विशेष ध्यान देने की बात कही। श्री तिवारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की असंवैधानिक गतिविधियों पर नियंत्रण लगाना सभी अधिकारियों की संयुक्त जिम्मेदारी है।



बैठक लेते कलेक्टर व एसपी।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित



लोकसभा चुनाव का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्मान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने विभिन्न विभागों के कुल 79 अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन में सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन धन्यवाद देते हुए प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया। इस कड़ी में जनसंपर्क विभाग के सहायक सूचना अधिकारी सुरजीत चौहान, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी जिला पंचायत मनोज रजक, पूर्व जिला समन्वयक बसंत कुमार, भागवत प्रसाद साहू, कुदीप कुमार रात्रे, प्रतीक कुमार साहू को निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने तथा चुनाव संबंधी प्रत्येक गतिविधियों को समाज के सामने प्रेस/मीडिया सोशल मीडिया में सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करने में भूमिका निभाने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### ये हुए सम्मानित

अरविन्द प्रजापति, सतानंद जांगड़े, विकास कुमार कौशिक, पुरूषोत्तम प्रसाद साहू, संजू कुमार पाटले, प्रशांत कुमार पैंकरा, सुजीत कुमार पाटले, अरूणेन्द्र मिश्रा, जगजीत सिंह, मनोज साहू, नरेन्द्र कुमार मिरी, योगेश कुमार राठौर, सुश्री शिखा ठाकुर, परमेश्वर साहू, विमल कुमार भगत, कमलेश जायसवाल, पुष्पेन्द्र कुमार, अजय अनंत, अनिल रात्रे, जागेश्वर यादव, तिजाउ राम राजपूत, मुकुन्द राम, रामायण श्रीवास, मनोहरलाल कैवर्त, दाद्दूलाल पटेल, जीवनलाल कर्ष, परवीन बेगम, किरण तिवारी, वीना महतो, उर्मिला प्रिया पाटले, सनियारो लकड़ा, अन्नुपूर्णिमा कंवर, हेमलता राठौर, रेखा चौहान, आल्मा कुजुर, वंदना सिंह शामिल हैं।

## अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्ति मिलने से रेखा में झलकी खुशी



नियुक्ति पत्र देते उद्योग मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन द्वारा जिले में निवासरत संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर के शिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने हेतु उन्हें स्कूल शिक्षा विभाग में अतिथि शिक्षक एवं भृत्य के रूप में नियुक्ति प्रदान करने से समुदाय के लोगों में खुशी की लहर व्याप्त है।

कटघोरा की रहने वाली पहाड़ी कोरवा कुमारी रेखा को अतिथि शिक्षक के रूप में भैंसमा के शासकीय माध्यमिक स्कूल में नियुक्त किया गया है। रेखा ने अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्ति मिलने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि प्रतियोगिता के इस दौर में विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवक युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास सराहनीय है। रोजगार का जरिया मिलने से वे अपने पैरो में खड़े होकर अपने परिवार की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करेंगे। साथ ही अपने आने वाली पीढ़ी, बच्चों एवं अपने आस पास के लोगो को शिक्षा से जोड़कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर सकेंगे। रेखा ने बताया कि उसके परिवार में माता पिता सहित 5 सदस्य है। उनके पिता दिनेश कुमार मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। परिवार की आय का अन्य कोई साधन नहीं होने के कारण उनका परिवार आर्थिक रूप कमजोर है। पिता की आय से परिवार का गुजारा ही हो पाती है, परन्तु बच्चों की पढ़ाई सहित अन्य जरूरतों को पूरा करने में दिक्कतें होती थी। रेखा ने बताया कि वह बचपन से ही पढ़ाई में काफी अच्छी थी और प्रारम्भ से ही खूब पढ़ लिखकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करना चाहती थी।

## मानिकपुरी महंत समाज ने मनाया सद्गुरु कबीर प्राकट्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



भारतीय मानिकपुरी महंत समाज बांकीमोंगरा द्वारा सद्गुरु कबीर सत्संग भवन में सद्गुरु कबीर प्रागट्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सात्विक यज्ञ चौका आरती महंत सुन्दरदास बांकी बस्ती वाले अपनी गायन मण्डली सन्तो के साथ संचालित किया गया। इस दौरान केडी महंत ने बताया कि सद्गुरु कबीर की पूरी 120 वर्ष की जीवन मात्र मानव को मानवता की दृष्टि से देखने और किसी को जन्म से ऊच्च और किसी को जन्म से नीच कहना अथवा मानना महा पाप है। धर्म के नाम पर जीवो की हत्या किसी भी तरह से न्यायोचित नहीं है। किसी जगह विशेष पर मृत्यु बन्धन मोक्ष प्राप्ति की बात को एकदम नकारते हुए गलत को गलत और सही को सही सिद्ध करके दिखाये हैं। उनका पूरा जीवन लोगो की भूत भरम, अंध विश्वास कर्मकांड में फंसे नादान लोगो को जगाने का काम किये हैं। अंत में भोज भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में पवनदास, सुमिरन दास, मुनिदास, जगन्थिन बाई, महेतरु दास, मोहनदास, सोनी देवी, रामेश्वर दिवान उपस्थित थे।

## बालको गुरुधाम में मनाई कबीर जयंती



पूजा अर्चना करते समाज के अनुयायी।

**कोरबा।** बालको में सदगुरू कबीर माणिक गुरुधाम में मानिकपुरी समाज के सभी कबीरपंथी द्वारा साहेब सदगुरू कबीर की 627 वां जयंती कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें समाज के वरिष्ठजनों द्वारा चौका आरती सात्विक पूजा धव्ज पूजा तथा समाज के बच्चे एवं आमीन माता महिला मण्डल के द्वारा भोजन भण्डारा का आयोजन किया गया। साथ ही मानिकपुरी समाज के साहेबजन महिला बच्चो के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। समिति के सदस्यो के द्वारा सन्तजनो का श्रीफल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहेब सन्तोष दास के मर्गदर्शन में सफल आयोजन किया गया। साहेब धरम दास, साहेब बोधन दास, साहेब मोहन दास, साहेब घनश्याम दास, साहेब तुलसीदास साहेब महादेव दास, साहेब सूरज दास,साहेब कृस्ना दास, साहेब रसम दास साहेब सन्त दास, साहेब शिव दास, साहेब गौरिशंकर, साहेब प्यारे दास, साहेब वासुदेव साहू, साहेब बृज दास, साहेब अनमोल दास, साहेब सौखी दास, साहेब खिक दास, साहेब अमर दास, महंत मंगल दास के करकमलों से चौका सम्पन किया गया।

## रानी दुर्गावती के 260वें बलिदान दिवस पर संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जयंती समारोह में उपस्थित समाज के सदस्य।

आदिवासी शक्तिपीठ बुधवारी बाजार में 24 जून को मध्य भारत के बावन गढ़ संतावन परगना के गोंडवाना साम्राज्ञी दुर्गावती मरावी के 260वीं बलिदान दिवस के अवसर पर संगोष्ठी में एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महारानी के शौर्य गाथा को याद करते हुए शक्ति पीठ के सांस्कृतिक प्रमुख रूपेन्द्र कुमार पैकरा ने कहा कि तत्कालीन मुगल सल्तनत के आगे जहां की देश बड़े बड़े रियासत के राजाओं ने नवरत्न की उपाधि ली और समझौता कर दरबारी बन गए थे परन्तु महारानी दुर्गावती ने महिला शासक होने के बाद भी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया और रणभूमि में लड़ते हुए षड्यंत्र के शिकार होकर मातृभूमि के लिए बलिदान होकर अमर हो गई। अगले क्रम के उद्बोधन में आर एस मार्को ने कहा कि गढ़ा मंडला की महारानी दुर्गावती के पास एक सफेद हाथी था जिसका नाम सरमन था जिसे मुगल बादशाह अकबर ने सोने की पिंजरे भेजकर अपने हवाले करने का फरमान जारी किया था जिसका स्वाभिमानी रानी ने माकूल जवाब देकर युद्धभूमि में लड़ने की चुनौती दी। रानी के वीरगति प्राप्त होते ही हाथी सरमन ने भी पत्थर से सिर पटक पटक कर अपने प्राण त्याग दिए थे। संगोष्ठी में अध्यक्ष शिव नारायण सिंह कंवर,बी एम ध्रुर्वे, गंगा सिंह कंवर, मनोहर प्रताप सिंह तंवर, महिला प्रभाग से कृष्णा राजेश, रमा राज मोना ध्रुव ने भी अपने विचार व्यक्त किया।अंत में पुष्पांजलि अर्पित किया गया,संगोष्ठी का संचालन निर्मल सिंह राज ने किया। इस अवसर पर शक्ति पीठ के गणमान्य सदस्य महिला युवा प्रभाग के पदाधिकारी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### युवक के पास से पौने दो किलो गांजा बरामद

**बिश्रामपुर।** ईंट बनाने का कार्य संपन्न होने उपरांत वर्तमान में अवैध गांजा तस्करी कार्य में लिप्त एक ग्रामीण युवक को जयनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया गया है। गौरतलब है कि दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोईलार निवासी 35 वर्षीय ओम प्रकाश पिता धन साय हरिजन को मंगलवार की सुबह प्रेमनगर निवासी एक व्यक्ति के पास से गाँजा खपाने का ऑर्डर मिला,इसके अनुसार आरोपी पिट्ठू बैग में अपनी एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 यू डीएफ 9377 से ग्राम पंचायत राजापुर निवासी एक व्यक्ति के पास एक किलो 725 ग्राम अवैध गांजा को बेचने आया था।

## बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले 65 से 70 ग्राम पंचायत बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र की बिजली समस्या से निजात दिलाने के लिए चैतमा में सब स्टेशन का निर्माण कराया गया जिससे क्षेत्र के बिजली समस्या से ग्रामीणों को निजात मिल सके।

चैतमा सब स्टेशन में कुल पांच फीडर बनाए गए हैं जिसमें से चार चालू हैं प्रत्येक फीडर में 10 से 15 ग्राम जुड़े हुए हैं एक फीडर पहाड़ी अंचल सपलवा के लिए बनाया गया किंतु आज दिनांक तक उक्त फीडर चालू नहीं हो पाया है वहां की लाइन को इरफ, पटपरा फीडर से जोड़ दिया गया है। जिसके कारण पहाड़ी अंचल के उपभोक्ताओं के साथ में पटपरा क्षेत्र के ग्रामीण भी बिजली व्यवस्था से नाखुश हैं। इस क्षेत्र में 24 घंटा बिजली कभी नहीं रहती दिन में है तो रात में नहीं रहती रात में रहती है दिन में नहीं रहती। गौरतलब हो कि गर्मी के दिनों में 4 घंटे से 5 घंटे लाइन बंद करके मेंटेनेंस का कार्य किया गया जिससे उपभोक्ता गर्मी से परेशान रहे। अब बरसात लगते ही 21 जून को रात भर लाइट बंद रही तो 22 जून को रात 12 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल हुई। आए दिन किसी न किसी फीडर में तार टूटने तो डिस्क पंचर होने के चलते लाइट बंद हो रही है।



चैतमा स्थित सब स्टेशन।

गर्मी के दिनों में मेंटेनेंस के नाम पर लाइट बंद करके मेंटेनेंस किया गया था तो बरसात लगते ही मेंटेनेंस का खुलने लगा। ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में बरसात लगते ही जहरीले जीव जंतुओं के निकालने का सिलसिला शुरू हो जाता है। जिससे अंधेरे में ग्रामीणों को खतरा बना रहता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने विद्युत मंडल के अधिकारियों से मांग की है की विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रखने का प्रयास करें।

## प्रेसवार्ता में उद्योग मंत्री व पूर्व सांसद ने लगाया कांग्रेस पर आरोप

# सत्ता के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक जा सकती है : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही और सत्तालोलुपता का प्रदर्शन करते हुए 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर न केवल लोकतंत्र की हत्या की, अपितु भारतीय संविधान का खुलेआम मखौल भी उड़ाया था। भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय लोकतंत्र के उसी काले अध्याय से रू-ब-रू कराते हुए आपातकाल को काला दिवस मनाकर संविधान और लोकतंत्र के नाम पर देश में पाखंडपूर्ण राजनीति कर रही कांग्रेस के इस कलंकित राजनीतिक चरित्र से परिचित कराने का बीड़ा उठाया है।



पत्रकारों से चर्चा करते उद्योग मंत्री व पूर्व सांसद।

उक्त बातें बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 1975 में देश पर आपातकाल थोप कर तत्कालीन इंदिरा सरकार ने जिस प्रकार से लाखों निरपराध लोगों को जेल में डाला, न्यायपालिका और मीडिया के अधिकारों को नियंत्रित करने का काम किया, अपने विरोधियों को प्रताड़ित करने का काम किया। आज 50 साल बाद यह देश उस काला दिवस को न तो भूल पाया है और न कभी भूल पाएगा। इस दौरान उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, जिला महामंत्री टिकेश्वर राठिया, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, सह प्रभारी पवन सिन्हा भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने हमेशा बनाया संविधान का मजाक

वार्ता में उपस्थित उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से सत्ता पाने किसी भी हद तक जाने का काम करती रही है और आज भी कांग्रेस अपने इसी राजनीतिक चरित्र के साथ राजनीति कर रही है। कांग्रेस को न तो देश के संविधान पर भरोसा है और न ही देश की संवैधानिक संस्थाओं पर। सत्ता हासिल करने और उस पर काबिज रहने के लिए, अपने राजनीतिक सत्ता-स्वार्थ के लिए कांग्रेस ने हमेशा संविधान एवं संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर उसे तोड़ने का काम किया है। यह कांग्रेस का इतिहास रहा है कि 90 से अधिक बार राज्य सरकारों को बर्खास्त करने का काम भी कांग्रेस ने किया है। संविधान और संवैधानिक प्रावधानों का दुरुपयोग करके दोबारा कोई ऐसी हिम्मत न कर सके, इसके लिए भाजपा ने जन-जन को जागरूक कर देश को एक बार फिर आपातकाल के अन्याय, अत्याचार और ज्यादतियों के बारे में बताने के लिए 25 जून को पूरे जिला मुख्यालय में आपातकाल को काला दिवस के रुप में मनाया जाएगा।

### कांजीपानी उप स्वास्थ्य केंद्र सालों से है जर्जर

**चैतमा।** पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कांजीपानी का उप स्वास्थ्य केंद्र कई सालों से जर्जर है। उपस्वास्थ्य केंद्र सचिव आवास में संचालित हो रहा है किंतु वहां निर्माण के लिए कई बार शिकायत करने के बाद आज तक निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली है। जबकि चैतमा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। ठीक उसके बाजू उप स्वास्थ्य केंद्र बनाने के लिए स्वीकृति मिल गई है। इसी प्रकार करोनाकॉल के समय चैतमा, कांजीपानी, इरफ तीनों जगह पर करोड़ों रुपए की लागत से सेंटर बनाने के लिए अनुमति मिली थी जिसका निर्माण आरंभ हो गया किंतु निर्माण कार्य आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर ने बताया कि निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद उक्त भवन का उपयोग हम लोग कर सकते हैं।

## सम्मानित हुए पाठक ...

**कोरबा।** हरिभूमि द्वारा आयोजित पाठक पुरस्कार योजना के सांत्वना पुरस्कार विजेता प्रतिभागियों को हरिभूमि कार्यालय में आमंत्रित कर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।











### 14 करोड़ की समूह जलावर्धन योजना की लागत बढ़कर हुई 18 करोड़

# छुरीकला में पानी के लिए मचा हाहाकार 9 साल बाद भी योजना धरातल से कोसों दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छुरीकला के लोग सालों से पानी की किल्लत झेल रहे हैं। 9 साल बाद भी यहां योजनाएं अधूरी है। 14 करोड़ की लागत से तैयार किया गया ट्रीटमेंट प्लांट योजना भी अधर में लटकी है।

कोरबा। नगर पंचायत का तमगा मिलने के बाद भी छुरीकला के लोग पिछड़े गांवों की तरह उपेक्षित जीवन जी रहे हैं। अब से लगभग 9 साल पहले पीएचई की समूह जल आवर्धन योजना अधूरी है। यह योजना यथार्थ के धरातल से कोसों दूर है। योजना के तहत 14 करोड़ की लागत से तैयार किए जा रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से समूचे नगरवासियों को जल आपूति होनी थी, लेकिन योजना आज भी अधर में लटकी हुई है। 9 साल में योजना की लागत 4 करोड़ रुपये तक बढ़ चुकी है। यही वजह है कि अब शासन से अतिरिक्त राशि की मांग की गई है। हालात ऐसे हैं कि भीषण गर्मी में नगरवासी बूंद-बूंद पानी के लिए जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं।



छुरी नगर पंचायत के वार्डों में बिगड़ी नल जल योजना।



पाइप लाइन बिछाने खोदे गए गड्ढे।

योजना के तहत हसदेव नदी पर बने दर्री बांध के पानी उपचारित कर नगर तक पहुंचाना है। पूरी राशि ट्रीटमेंट प्लांट बनाने और डांडगांव हसदेव नदी से पाइप लाइन लगाने में खर्च हो गए। अब 4 करोड़ अतिरिक्त लागत बढ़ने के कारण नया पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू नहीं हुआ है। वर्तमान में नगर के नगर में पानी की आपूर्ति 22 साल पुराने नलजल योजना से हो रही है। पहले यहां की आबादी 2 हजार 500 थी, जो बढ़कर 13 हजार से भी अधिक हो गई है, बोर से इतने लोगों के लिए पानी की आपूर्ति संभव नहीं है। फिलहाल जगह-जगह से टूट चुके पाइप लाइन से मटमैला पानी आने से समस्या बनी हुई है। जल आवर्धन को मूर्तरुप दिए जाने के लिए तीन चरणों में काम किया जाना था। इसमें दर्री बांध से छुरी तक पाइप बिछाना, जल उपचार संयंत्र तैयार करना और नगरीय क्षेत्र में नया पाइप लाइन बिछाना शामिल था. तीनों कार्य के लिए अलग-अलग निविदा की गई। प्रथम चरण के काम में जल उपचार संयंत्र और बांध से छुरी तक पाइप बिछाने का काम तो हुआ, लेकिन पूरे नगर में एक साथ पानी सप्लाई के लिए पाइप लाइन से पानी आपूर्ति की योजना अभी भी अधूरी है। बीते साल पीएचई विभाग ने इसकी औपचारिक शुरुआत कर दी, लेकिन पूर्ण समाधान के लिए कारगर कदम नहीं उठाया गया। नगर वासियों का कहना है कि जब तक नया पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा नहीं होगा, तब तक जल संकट से छुरी नगर को मुक्ति मिलना कठिन है।

### राजनैतिक खींचतान भी जारी

पूर्व में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्ष में बैठे भाजपा के झगड़े के बीच जनता आज भी पिस रही है। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने नगर के 15 वार्डों में 9 कांग्रेसी पार्षदों का वर्चस्व था। अध्यक्ष नीलम देवांगन अपने पार्टी के पार्षदों से तालमेल नहीं बैठा सकी भाजपा के पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव में सफलता हासिल की और अध्यक्ष को अपने पद से हाथ धोना पड़ा। स्थाई जनप्रतिनिधित्व नहीं होने की वजह से नगर का कामकाज पूरी तरह से ठप है। 6 वार्डों में अब भी पाइप लाइन नहीं बिछी है। कोसगाई वार्ड, संत पुलाहारी, बिंझपुर, सतनाम आदि ऐसे वार्ड हैं जिन्हें अब भी मुख्य पाइप लाइन से नहीं जोड़ा गया है। इन वार्डों में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बोर खुदाई कर पानी आपूर्ति की जा रही है। बोर खराब होने की वजह से आए दिन यहां पानी की समस्या रहती है। यहां लगभग 25 टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है।

### बढ़ गई लागत

योजना काफी पुरानी है, जब योजना लॉन्च हुई थी तब काम जोरों पर चल रहा था। उसके बाद कई अड़चने आई, कोरोनाकाल में भी काम बंद हो गया। वर्तमान में काम लंबित होने के कारण इसकी लागत बढ़ चुकी है। शासन से अतिरिक्त पैसों की डिमांड की गई है। राशि मिलते ही दोबारा काम शुरू कराया जाएगा।

**-अनिल कुमार,**
कार्यपालन अभियंता, पीएचई

# अब तक मुश्किलें दूर नहीं हो सकी न्यू बस स्टैंड की, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले के कटघोरा कस्बे में स्थित बस स्टैंड से जुड़ी हुई मुश्किलें दूर नहीं हो सकी है। कई प्रकार की समस्या यहां बनी हुई है, जिसके कारण वाहन चालकों को परेशान होना पड़ रहा है। नगर पालिका को जानकारी दिए जाने के बावजूद इस दिशा में कोई कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी।

बस स्टैंड प्रतीक्षालय किसी प्रकार से उपयोगी बन सका है लेकिन इससे लगकर नगर पालिका द्वारा बनाए गए व्यवसायिक काम्प्लेक्स की बदहाली हर किसी को परेशान कर रही है। यहां-वहां छत से लेकर रोड की रॉड्स उखड़ रही है। इनके चलते अनहोनी का डर बना हुआ है। इस तरफ मीडिया के जरिए कई दफा नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसी का नतीजा है कि समस्याग्रस्त इस क्षेत्र को मुक्ति नहीं मिल सकी है। लोगों ने बताया कि बस स्टैंड काम्प्लेक्स के उपरी छज्जे में भी परेशानियां हैं और आसन्न बरसात में यह और अधिक मुसीबत बढ़ा सकती है। पिछले एक वर्ष से समस्या को हल करने के लिए बार-बार कहा जाता रहा है कि इस ओर जरूरी कार्रवाई करना उचित नहीं समझा गया।



### दुकान फैली सड़क तक, रोज बनती है जाम की स्थिति

कटघोरा बस स्टैंड क्षेत्र में सडक किनारे दुकानों के पोस्टर से लेकर सामानों को अनाधिकृत रूप से फैलाए जाने के कारण अजीब स्थिति निर्मित हो रही है। सडक के सकरा हो जाने से यहां हर दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। ऐसे में कई मौकों पर पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा और स्थिति को सामान्य करने की कोशिश की गई। लेकिन समस्या है कि अपने स्थान पर बनी हुई है। लोगों का कहना है कि या तो मौके से बेजा दखल का हटाने की कार्यवाही हो या फिर सुबह से रात तक पुलिस की ड्यूटी सुनिश्चित कराई जाए। ऐसा होने पर ही समस्या नियंत्रित हो सकेगी।

### आज तक कोई ध्यान नहीं

इस समस्या को लेकर कई बार मुख्य नगर पालिका अधिकारी व तात्कालिक अनुविभागीय अधिकारी को बताया गया लेकिन केवल मौखिक आश्वासन के अलावा आज दिनांक तक इस ओर कोई पहल नहीं किया गया। बस स्टैंड की सड़कों पर बड़े बड़े सरिया निकले हुए हैं, बारिश में यह समस्या और अधिक भयावह व खतरनाक साबित हो सकती है। लेकिन न ही इस नगर पालिका का ध्यान है और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों का।

# पार्षद देवांगन ने बरसाती नालों का किया दौरा

### अधिकारियों से जल्द काम शुरु करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन ने बरसाती नालों का दौरा कर लोगों की समस्या सुनी। इस पर पार्षद श्री देवांगन ने निगम के अधिकारियों से चर्चा कर जल्द ही पानी निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

गौरतलब है की वार्ड 16 कोहड़िया की कुछ बस्ती हसदेव नदी के तट से लगी हुई है। निचली बस्ती होने के कारण यहां बारिश के दिनों में पानी के भराव की समस्या बढ़ जाती है। निकासी नहीं होने से लोगों के घरों में जलभराव की संभावना बनी रहती है।

इस पर पार्षद श्री देवांगन ने तत्काल अवरुद्ध नालों की सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मानसून सीजन में नियमित तौर पर सफाई के निर्देश दिए गए। पार्षद श्री देवांगन ने बताया कि बदलते मौसम से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। शाम होते ही मच्छरों से लोग परेशान हैं। इस कारण बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। इसके अलावा जगह जगह गंदगी भी मच्छरों के पनपने की मुख्य वजह है। अब तक निगम ने फॉगिंग मशीन से छिड़काव शुरु नहीं किया है। दरअसल निगम की फॉगिंग मशीन बंद पड़ी है। अब तक इसका मेंटेंस नहीं किया जा सका है। पार्षद ने जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

### खास बात

- वार्ड क्रमांक 16 के हसदेव नदी के तट पर आसपास बसे लोगों को होती है परेशानी



बरसाती नालों का निरीक्षण करते पार्षद नरेंद्र देवांगन।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 'हरिभूमि' हिंदी....

कि दूरदराज के जिन क्षेत्रों की समस्याएं सरकार तक और शासन की योजनाएं आमजनों तक पहुंचने में समय लगता था। हरिभूमि उन क्षेत्रों तक पहुंचकर आम लोगों को सरकार के साथ जोड़कर योजनाओं का लाभ दिलाने में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। पुरस्कार वितरण के दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कुसमुंडा निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य शंकरलाल तिवारी को द्वितीय पुरस्कार के रूप में रेफ्रीजरेटर प्रदान किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ;पाटनवार, मीडिया प्रभारी आकाश श्रीवास्तव, हरिभूमि कोरबा के ब्यूरोचीफ राकेश श्रीवास्तव सहित दुर्गेश श्रीवास्तव, अश्वनी मिश्रा, नागेन्द्र श्रीवास, अरविंद पाण्डेय, कैलाश यादव, अनूप स्वर्णकार, ओमकार गुप्ता, गुलशन बैरागी, राजेश प्रजापति, जीवन चौहान, दुर्गा राजपूत सहित अन्य उपस्थित थे।

### रोजगार की मांग...

शुरु कर दिया। भूविस्थापितों के चक्काजाम से मार्ग के दोनों ओर कोयला परिवहन में लगी वाहनों की लंबी कतार लग गई। यहां बताना होगा कि गेवरा-भैसमाखार के ग्रामीण कई वर्षों से निवासरत हैं। यह क्षेत्र शहरी क्षेत्र नगर निगम अंतर्गत आता है, इसके बावजूद अभी तक इनके घरों तक सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंची हैं। किसानों की जमीन पर साइलो का निर्माण किया गया लेकिन प्रभावित भूविस्थापितों को रोजगार से वंचित रखा जा रहा है। किसान सभा के जिला अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर तथा माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने बताया कि मनगांव के नजदीक लक्ष्मण प्रोजेक्ट के पास नए साइलो निर्माण के साथ रेल विस्तार का काम पूरा हो गया है। बावजूद इसके प्रभावित भूविस्थापितों को रोजगार के लिए घुमाया जा रहा है। इस संबंध में एसईसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया जा चुका था। किसान सभा नेता दीपक साहू ने कहा कि यदि एसईसीएल ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं नहीं देगा, तो ये ग्रामीण पुनः एक सप्ताह के बाद फिर से साइलो के साथ मुख्यमार्ग पर चक्काजाम करेंगे। चक्काजाम में जय कौशिक, सुमेन्द्र सिंह कंवर, रमेश दास, सुकृता, राजकुमारी के साथ बड़ी संख्या में प्रभावित भूविस्थापित उपस्थित थे।

### कटघोरा का ..


अनुसार यहां पर्याप्त मात्रा में रेअर अर्थ एलिमेंट्स की उपलब्धता है। नीलामी से जुटाया गया राजस्व राज्य सरकार को भी मिलेगा। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लिथियम की उपलब्धता को लेकर सर्वे किया गया था। 100 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र से 138 नमूने एकत्र किए गए थे। इन नमूनों की जांच के बाद पता चला कि यहां रेअर अर्थ एलिमेट्स के साथ ही इससे संबंधित तत्वों की पर्याप्ता मात्रा में मौजूदगी है। यहां बताना होगा कि भारत अब लिथियम को लेकर चीन से अपनी निर्भरता पूरी तरह से खत्म करने के प्रयास में है। **रोजगार के मिलेंगे अवसर, डीएमएफ में भी मिलेगी राशि :** लिथियम खदान शुरू होने पर सिर्फ कोरबा ही नही छत्तीसगढ़ और देश में समृद्धि के द्वार खुलेंगे। कटघोरा आधारभूत सुविधाओं से युक्त मैदानी इलाके में है। इसके चलते यहां निवेशकों का रुझान अधिक है। लिथियम खनन शुरू होने के बाद इससे जुड़ी कंपनियां काम शुरू करेंगी तकनीकी एक्सपर्ट और संसाधनों के विकास के लिए भी लोगों की आवश्यकता होगी इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे। प्रदेश में विकास के लिए तय राशि, रॉयल्टी और डीएमएफ के लिए भी इससे सहयोग मिलेगा जो करोड़ों में होगा। कुल मिलाकर आने वाले दिनों में न सिर्फ कोरबा बल्कि छत्तीसगढ़ का भाग्य भी चमकेगा।

### न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हर्षवर्धन यादव पिता विष्णुप्रसाद यादव साकिन पाली तहसील दीपका द्वारा ग्राम पाली तहसील दीपका में स्थित खातेदार दुर्जनप्रसाद पिता गणेशराम के नाम पर दर्ज भूमि ख.न. 460/2, 461/2, 463/2, 191/2 कुल ख.न. 04 कुल रकबा 0.63 ए. भूमि को एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा द्वारा अर्जन किये जाने से अर्जन के एवज में रोजगार हेतु नामांकित कर वंषवृक्ष सत्यापन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 27/06/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा। अतः आज दिनांक 12/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईष्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**


## कोरबा मार्केट









## खबर संक्षेप

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से परिसम्पतियां हटाने की सूचना जारी

**कोरबा।** कार्यपालन अभियंता हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग रामपुर, कोरबा द्वारा जिले के सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों को सूचित किया गया है कि आगामी वर्षाकाल 2024 के दौरान आवश्यकता होने पर बांगो बांध माचाडोली व हसदेव बरॉज दर्री से नदी में पानी प्रवाहित किया जाएगा। इस हेतु सर्व संबंधित उक्त बांध से नीचे, हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित अपने चल-अचल सम्पत्ति को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर लें। इसी प्रकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्थापित खनिज, खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है कि वे अपनी परिसम्पत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर कर लेना सुनिश्चित करें। आकस्मिक बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल प्रबंध संभाग उत्तरदायी नहीं होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आने वाले संभावित गांवो में बांगो, लेपरा, नुनिया, कछार, कोनकोना, पोड़ी-उपरोड़ा, चर्रा, पाराघाट, छिनमेर, सिरकीकला, केरा, पाथा, सिलीयारीपारा, तिलसाभाटा, हथमार, छिर्रापारा, डग्गुपारा, करमीपारा, जूनापारा, लोरीडांड, टुंगमुड़ा, तिलाईडाड़, नवागांव, झोरा, कौरीघाट, पोड़ीखोहा, डोंगाघाट, धनगांव, लोटलोटा, नर्मदा, औराकछार, झाबू, सोनगुड़ा, नवागांव, स्याहीमुडी, जेलगांव, चारपारा, खैरभावना, बलरामपुर, भलपहरी, जोगीपाली, कोहड़यिा, राताखार, गेवराघाट, इमलीडुग्गु, कुदुरमाल, बरीडीह, मोहर, देवरी, चिचोली, कटबितला, झीका व ढिठोली शामिल हैं।

### नेशनल लोक अदालत हेतु विविध बैठक का किया गया आयोजन

**कोरबा।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 जुलाई को जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में किया जाएगा। श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा शासकीय बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्तागणों की बैठक ली गई। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के द्वारा सभी उपस्थित बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्तागणों को चर्चा के दौरान निर्देशित दिया गया कि अधिक से अधिक चिन्हांकित प्रकरण जिसमें राजीनामा होने की संभावना हो उसकी सूची शीघ्र प्रदान किया जाए। सभी प्रकरणों में प्रस्ताव आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जाए। बैठक में खगेश कुमार साहू, शाखा प्रबंधक यूनाइटेड इंडिया कंपनी कोरबा, के.सी. सुनील कुमार ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी, प्रताप केरकेट्टा न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, लिमिटेड, बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन राठौर, एस.के. मोदी, अरूण बजाज, सुमन तिवारी, आवेदक के अधिवक्ता महेन्द्र अग्रवाल, सुनील यादव, सी.बी. राठौर, हरीश चन्द्र साहू एवं राजकुमार यादव उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की जारी

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी करने एवं कृषकों को ऑनलाईन अभिभाषण कार्यक्रम का आयोजन कटघोरा के कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया। किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त के तहत 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि सौगात के रूप में सीधे कृषकों के बैंक खाते में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा अंतरित किया गया। कृषि पैरा विस्तार कार्यकर्ता के रूप में कृषि सखी का प्रमाणीकरण कर इस योजना का क्रियान्वयन निम्नवर्गीय कृषकों के हित को ध्यान में रखकर किया गया है। अब तक लगभग 11 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे 3.03 लाख करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की गई है। जिससे महिला कृषकों को अपनी छोटी-मोटी आवश्यकताओं के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की आवष्यकता नहीं पड़ रही एवं वे आर्थिक रूप से उन्नत हो रहे हैं। योजना के द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाना एवं छोटे किसानों को आर्थिक सहायता, महिला सशक्तिकरण एवं उन्हे लखपति बनाना जैसी अनेक योजनाओं का संचालन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किया जा रहा है तथा उनके द्वारा किये गये प्रयास कृषि के क्षेत्र में सराहनीय है, जिसका लाभ वर्तमान में किसानों को मिल रहा है।

# डीईओ ने प्रधान पाठक समेत तीन शिक्षकों को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

फर्जी दस्तावेज के सहारे शिक्षक की नौकरी पाने वाले शिक्षकों के खिलाफ मिल रही शिकायतों की जांच पश्चात कार्यवाही शुरू हो गई है। उसी कड़ी में विकासखंड कोरबा के अंतर्गत आने वाले माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक सहित चार शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच में शिकायत पुष्ट पाए जाने पर निलंबन की कार्यवाही की है।

कोरबा विकासखंड अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला करमंदी के प्रधानपाठक व तीन शिक्षकों के खिलाफ शिकायत मिली थी कि इनके द्वारा भर्ती के समय प्रस्तुत किए गए अंकसूची फर्जी है। शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा को जांच के लिए निर्देशित किया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि इनके द्वारा ज्वाइनिंग के वक्त 12वीं की जो अंकसूची विभाग में प्रस्तुत की, उसके अंक सेवा पुस्तिका में दर्ज जानकारी से अलग है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर इस गड़बड़ी का जवाब मांगा। स्पष्टीकरण संतोषप्रद न मिला, जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने चारों को निलंबित कर दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी कोरबा की ओर से यह स्पष्टीकरण शासकीय प्राथमिक शाला करमंदी के प्रधान पाठक मिनेश कौशिक, विनोद निराला, राम लाल जांगड़े व दिलीप कुर्रे को जारी किया गया था। प्राथमिक जांच के बाद सामने आए तथ्यों के आधार पर इन सभी को डीईओ टीपी उपाध्याय ने सस्पेंड कर दिया है। इसमें प्रधान पाठक कौशिक की बात करें तो वर्ष 2007 में शिक्षाकर्मी वर्ग 3 की चयनित सूची प्राप्त प्राविण्य सह प्रतीक्षा सूची के आधार पर जारी हुई। तब शिक्षाकर्मी वर्ग के पद पर नियुक्ति के समय आवेदक द्वारा प्रस्तुत कक्षा 12वीं की अंकसूची तथा सेवा पुस्तिका में प्रस्तुत अंकसूची में अंतर है। इनके मिलान से पता चला कि कक्षा 12वीं की प्राप्तांक में भिन्नता है, जिस के कारण प्रधान पाठक को पिछले माह 20 मई को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। जिस आधार पर कार्यालय जनपद पंचायत कोरबा के द्वारा शिक्षाकर्मी वर्ग -3 के पद पर नियुक्ति की गई थी। नियुक्ति के समय प्रस्तुत कक्षा 12वी अंकसूची तथा सेवापुस्तिका में प्रस्तुत अंकसूची के अंकों में भिन्नता है।

### फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी करने वाले शिक्षकों में खलबली



#### जांच में हुई पुष्टि

नियुक्ति के समय जो अंकसूची प्रस्तुत किया गया था, उसमें दर्ज प्राप्तांक, वर्तमान में विभाग में प्रस्तुत दस्तावेज से अलग अलग है। इसे देखते हुए 4 शिक्षक एलबी को सस्पेंड किया गया है।

-टीपी उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी

## 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन व परिवहन पर लगा हुआ है प्रतिबंध

# रेत तस्कर शहर को छोड़ वनांचल के नदी नालों को बना रहे हैं निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनजीटी के गाइडलाइन के तहत वर्षा ऋतु के दौरान रेत उत्खनन व परिवहन पर खनिज विभाग ने प्रतिबंध लगा दिया है लेकिन इसके बाद भी रेत तस्करों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे अब शहरी क्षेत्र को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्र की ओर रुख कर रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्र के नदी नालों को निशाना बनाते हुए नदी नालों को छलनी करने में लगे हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि 10 जून से 15 अक्टूबर के बीच रेत उत्खनन व परिवहन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा हुआ है जिले के सभी रेत घाट बंद पड़े हुए हैं। ऐसे में रेत तस्करों के पौं बारह हो गए हैं और वे खनिज विभाग व पुलिस की आंखों में धूल झोंककर ग्रामीण क्षेत्रों के नदी नालों से जमकर रेत का उत्खनन कर रहे हैं। दो दिनों पूर्व चैन माउंटेन लगाकर बांगो थाना क्षेत्र के हसदेव नदी में रेत उत्खनन करने का मामला सामने आया था जिसके बाद खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी और मौके से चैन माउंटेन जप्त किया गया था। जिसके बाद भी यह मामला शांत नहीं हुआ था और दो पक्षों में जमकर जूतम पैजर हुआ था। इस घटना के बाद भी रेत तस्करों के हौसले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं और लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में घुसकर नदी नालों में रात के अंधेरे में जमकर रेत की निकासी कर ऊंचे ऊंचे दामों में खपा रहे हैं। यहां तक की शहर में भी टीपर धड़ल्ले से दौड़ रही है। लोग भंडारण के नाम पर खेल कर रहे हैं और भंडारण की पर्ची पर ही जमकर उल्टा पलटी का खेल चल रहा है।



### 15 दिन के भीतर 29 प्रकरण दर्ज किए गए हैं अवैध परिवहन के

खनिज उपसंचालक प्रमोद कुमार नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में एनजीटी के गाइडलाइन के तहत 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत के उत्खनन, परिवहन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा हुआ है। जिले के किसी स्थान में अवैध उत्खनन व परिवहन ना हो इसके लिए खनिज विभाग की टीम लगातार अवैध उत्खनन परिवहन पर कार्यवाही कर रही है। पिछले 15 दिनों के दौरान खनिज विभाग की टीम ने अवैध परिवहन के कुल 29 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें रेत के 26 प्रकरण, मिट्टी ईंट के 2 प्रकरण व कोयला का एक प्रकरण दर्ज किया गया है। इस सभी मामलों में खनिज विभाग की टीम ने अवैध परिवहन करने वालों लोगों से 3 लाख 43 हजार 905 रुपए बतौर जुर्माना वसूल किया गया है जबकि मामले में अब तक 8 प्रकरण प्रक्रियाधीन है। जिस पर अभी तक जुर्माने की कार्रवाई नहीं हो पाई है।

### निरंतर तस्करों पर हो रही है कार्यवाही

जिले में रेत उत्खनन व परिवहन पर 15 अक्टूबर तक पाबंदी लगी हुई है। तस्करों के खिलाफ कार्यवाही के लिए खनिज अमले की टीम निरंतर कार्यवाही कर रही है। पिछले 15 दिनों में तस्करों के खिलाफ बड़ी बड़ी कार्यवाही की गई है जिसमें उत्खनन परिवहन के मामले शामिल हैं। खनिज विभाग की टीम निरंतर अभियान चलाकर तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करती रहेगी।

-**प्रमोद कुमार नायक,** उप संचालक, खनिज विभाग कोरबा

### अवैध भंडारण के चार तो उत्खनन के तीन प्रकरण हुए हैं दर्ज

जिले में रेत तस्करों द्वारा रेत परिवहन व उत्खनन पर प्रतिबंध लगने के बाद भी रेत तस्करों के फैसले लगातार बुलंद है और वे लगातार इलाके पर क्षेत्र में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण कर रहे हैं। खनिज उपसंचालक प्रमोद कुमार के निर्देश पर सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे व उनकी टीम द्वारा लगातार आउटर व शहरी क्षेत्र में ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। बताया जाता है कि पिछले 15 दिनों के दौरान जिले में अवैध उत्खनन की कुल 4 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें मिट्टी के तीन प्रकरण एवं रेत के एक प्रकरण दर्ज हैं इन चारों मामलों में जहां मिट्टी उत्खनन करने वाले तीन लोगों को खिलाफ 81 हजार 305 रुपए तो रेत उत्खनन करने वाले के खिलाफ 54 हजार 570 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है जबकि अवैध भंडारण करने वाले चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिनसे 4 लाख 26 हजार 338 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में दिन और रात कार्रवाई कर रही है ताकि तस्करों के हौसलों को पश्त किया जा सके।

# दो सूने मकानों में चोरों ने बोला धावा, लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग स्थानों में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत स्याहीमुड़ी निवासी रामकुमार साहू 54 वर्ष पिता स्व. फूलचंद साहू और उसकी पत्नी 23 जून की सुबह लगभग 6-7 बजे अपने मूल निवास खिसोरा धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गये थे जब रामकुमार का पुत्र विकास 24 जून की सुबह लगभग 8 बजे रामनगर घर वापस आया तो देखा कि घर के मुख्य दरवाजा में लगा ताला टूटा हुआ था तथा घर अंदर एक कमरे का एवं हाल में लगाये ताला टूटा हुआ देखे तथा घर के दो कमरे में रखा आलमारी खुला था। सामान बिखरा था दूसरे कमरे में रखे आलमारी के लाकर में रखे सोने का झुमका 1 जोड़ी, सोने का मांग मोती 1 नग, सोने का 3 नग अगुंठी, 1 जोड़ी कान की छोटी बाली, चांदी का 1 जोडी पायल कीमती लगभग 80 हजार रुपए तथा नगदी 60 हजार रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रामकुमार की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना बालको लालघाट में घटित हुई है। जहां लालघाट में निवास करने वाले चंदर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ठेकेदारी का काम करता है। उसकी पत्नी का प्रसव हुआ है और वह अपने ससुराल गया हुआ था इस दौरान अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर कमरे में रखे आलमारी को तोड़कर उसमें रखे नगदी रकम, सोने चांदी के जेवर कीमती 85 हजार रुपए का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

#### खास बात

- दर्री व बालको थाना क्षेत्र का मामला

### बालको के पूर्व निरीक्षक के घर चोरी

कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर कुसमुण्डा क्वाटर नंबर बी/103 में निवासरत दीपक वर्मा ने बालको थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बालको सेक्टर 1 के मकान नंबर डी/26 में उसकी दीदी ज्योति सोनवानी परिवार के निवास करती है तथा उसके जीजा निरीक्षक सतन सोनवानी की पोस्टिंग बीजापुर में है। जो बीच-बीच में आना जाना करते है। 23 जून की शाम 8.30 बजे ज्योति सोनवानी बच्चों को लेकर दीपक वर्मा के साथ कुसमुण्डा क्वाटर में ताला लगाकर गयी थी कि 24 जून को 8.30 बजे माली ने फोन कर बताया कि क्वाटर का दरवाजा खुला है। तब दीपक वर्मा बालको क्वाटर देखने आया तो देखा कि सामने का दरवाजा को तोड़ने का प्रयास किये सेंटर लाक होने से दरवाजा नहीं टूटने पर पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसकर आलमारी को खोलकर उसमें रखे नगद 15 हजार रुपए एवं पेंट, शर्ट, चादर कुल कीमती 25 हजार रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। दीपक वर्मा की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# दोस्तों के साथ गया था पिकनिक मनाने, तीन दिन बाद मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

2 दिन पहले तीन दोस्त पिकनिक मनाने हसदेव नदी तट पर गए हुए थे। जहां नदी में नहाने के दौरान एक युवक डूब गया था। जिसकी परिजनों द्वारा खोजबीन की जा रही थी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। तीसरे दिन लापता युवक का शव नदी से बरामद कर लिया गया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिंझरा पंडरीपानी निवासी जयकुमार नागदेव 28 वर्ष पिता सपुरन नागदेव व उसके दोस्त अरुण कंवर एवं त्रिपुकार सिंह पिकनिक मनाने के लिए रविवार को बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कारीघाट स्थित हसदेव नदी पर पिकनिक मनाने पहुंचे गए थे। जहां नहाने के दौरान जयकुमार नागदेव डूब गया था। अरुण कुमार व त्रिपुकार सिंह घर पहुंचे और इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी परिजनों द्वारा खोजबीन की जा रही थी लेकिन जयकुमार का कुछ पता नहीं चल पा रहा था। घटना के तीसरे दिन मंगलवार को जयकुमार नागदेव का शव हसदेव नदी से बरामद कर लिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर बांगो थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे, फारेंसिक एक्सपर्ट सत्यजीत कोसरिया, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे। शव एवं घटना स्थल निरीक्षण किए। प्रथम दृष्टया जयकुमार की पानी में डूबने से मृत्यु होना पाया गया। मौत का स्पष्ट कारण पता लगाने के लिए पीएम करने एवं आवश्यक साक्ष्य एवं प्रदर्शन संकलित कर परीक्षण के लिए एफएसएल भेजने के लिए निर्देशित किया गया।

#### खास बात

- बांगो थाना क्षेत्र के कारीघाट में पहुंचे थे पिकनिक मनाने



नदी में तैरते युवक के शव का निरीक्षण करते अधिकारी।

### मामला संदिग्ध

पुलिस के मुताबिक जयकुमार नागदेव व उसके दो दोस्त अरुण कुमार व त्रिपुकार सिंह पिकनिक मनाने के लिए पहुंचे थे लेकिन जिस अवस्था में जयकुमार नागदेव की हसदेव नदी में लाश मिली इसे लेकर कई तरह के संदेह पैदा हो रहे हैं। बताया जाता है कि जयकुमार नागदेव पैंट शर्ट पहना हुआ था ऐसी स्थिति में वह आखिर कैसे हसदेव नदी के भीतर पहुंचा है यह सवाल जन्म ले रहा है। हालांकि इस मामले को लेकर जब बांगो थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि फिलहाल शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। प्रथम दृष्टया डूबने से ही मौत का मामला सामने आ रहा है।

### महिला के ऊपर गिरी पेड़ का डंगाल, घायल

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फत्तेगंज में निवासरत महिला के ऊपर एक भारी-भरकम पेड़ की डाल टूटकर गिर गई, जिससे महिला बुरी तरह से घायल हो गयी। डायल 112 की मदद से महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि महिला अपने घर पर मौजूद थी। इसी दौरान मौसम का मिजाज अचानक बदल गया और आंधी तूफान चलने लगी थी।

***चैतमा।** पाली विकासखंड के अंतर्गत आने 65 ग्राम पंचायत में बिजली की समस्या बनी हुई है। इसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए चैतमा सब स्टेशन का निर्माण कराया गया है। इस सब स्टेशन में पांच फीडर बनाए गए हैं जिसमें से चार चालू है। प्रत्येक फीडर में 10 से 15 ग्राम जुड़े हुए हैं एक फीडर सपलवा के लिए बनाया गया जो चालू नहीं है।







# दुकान से राशन ना खरीदने को लेकर दो पक्षों में सिर फुटव्वल, थाना परिसर में किया गया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मारपीट के एक मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से नाराज घायल अपने लोगों के साथ सिविल लाईन थाना परिसर में ही धरने पर बैठ गए थे। राशन दुकान में राशन नहीं लेने को लेकर उपजे विवाद के बाद खरमोरा अटल आवस में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। हालांकि इस मामले में पुलिस ने पहले ही दोनों पक्षों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। वहीं घटना के दूसरे दिन मंगलवार को दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्यवाही की है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत अटल आवास निवासी सत्यम भारद्वाज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अटल आवास खरमोरा मे निवास करता है तथा टाईल्स मिस्त्री का काम करता है। वह पहले राजा सिह के किराना दुकान से समान खरीदते थे। राजा सिंह सत्यम भारद्वाज व अन्य लोगों को मंहगे दामों मे समान बिक्री करता था इसलिये सत्यम भारद्वाज व अन्य लोग पिछले 6 माह से उसके किराना दुकान से समान खरीदना बंद कर दिए हैं। जिस कारण राजा सिंह सत्यम भारद्वाज व अन्य लोगों से दुश्मनी रख रहा है। 24 जून की रात्रि 9.30 बजे लगभग उसी पुरानी रंजिश के कारण राजा सिंह एवं उसके साथी सत्यम भारद्वाज के घर के पास आकर उसे मां बहन की गाली देते हुए जमकर पिटाई की है। इस मामले में सत्यम भारद्वाज की रिपोर्ट पर पुलिस ने राजा सहित उसके साथियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है जबकि श्रीमती अंजू सिंह की रिपोर्ट पर सत्यम भारद्वाज व दिलेराम व उनके साथियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 427, 506 के तहत अपराध दर्ज किया था तो वहीं दूसरी ओर मंगलवार की सुबह सत्यम भारद्वाज एकपक्षीय कार्यवाही को लेकर सिविल लाइन थाना पहुंचा और परिसर स्थित मंदिर के पास परिजनों के साथ धरना प्रदर्शन कर रहा था। शाम को पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्यवाही की है।



प्रदर्शन करता परिवार।

